गोरखपुर से प्रकाशित

Title Code: UPBIL05289

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

द्विभाषी (साप्ताहिक)

वर्ष–1 अंक–15 | गोरखपुर, रविवार 1 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ–8 | मूल्य–2 रूपया

## दुनिया में विकास की भावना का पोषक है भारत : मुख्यमंत्री योगी

संवाददाता

गोरखपुर / कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाध ीश्वर योगी आदित्यनाथ ने आज यहां कहा कि दुनिया के अंदर विकास की भावना क्या होनी चाहिए जो भारत ने ही दिया है और विगत नौ वर्षों से देश और दुनिया में भारत इसी भावना का प्रतिनिधित्व भी कर रहा है।



मुख्यमंत्री बुध्दवार को गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर परिसर आयोजित ब्राह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की ५४वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की ६वीं पुण्यतिथि के अवसर पर साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी के क्रम में पहले दिन .एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना की आधारशिला. विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक संकल्प दिया और उत्तर से दक्षिण तक तथा पूर्व से पश्चिम तक एक भावना से सभी को संबल प्रदान किया। योगी ने कहा कि देश के १२० जनपद नक्सल प्रभावित थे, पूर्वोत्तर अराजकता से भरा था पर प्रध ानमंत्री श्री मोदी ने अपने नेतृत्व में भेदभाव की भावना को समाप्त कर विकास की योजनाओं से जोड़कर इन सभी क्षेत्रों को विकास की धारा में ला दिया। कश्मीर हो या कन्याकुमारी, अरूणांचल हो या द्वारिकापुरी सभी देशवासियों को सीधे विकास की परियोजनाओं से जोड़कर एक दूसरे राज्यों से परस्पर संबंध बनाकरएभारत को समानभाव से समझने का अवसर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लाल किला से पंच प्रण का संकल्प लेकर देशवासियों को यह भाव दिया कि हमें एक विकसित भारत का निर्माण करना है जो गुलामी के प्रतीक हैं उनसे मुक्ति पाकर स्वदेशी पर गर्व करते हुए आत्मनिर्भर बनाना होगा।

उन्होंने कहा कि एक तरफ गुलामी के अंश पर विराम लगाना है तो दूसरी तरफ अपनी विरासत पर गौरव करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भारत देश ऐसा है जहा जन्म लेना दुर्लभ है उसमें भी मनुष्य के रूप में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। हमें अपने तीर्थ, धर्म ग्रंथ और संसेंति पर गर्व करने के साथ हर नागरिक से समान व्यवहार करना चाहिए और साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति सभी को जागरूक रहना होगा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के पंच प्रण ने देश में एक भाव पैदा किया है जिससे हम सभी का दायित्व राष्ट्र प्रथम का ही गया है।

योगी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ व ब्रह्मलीन महंत ने अपना पूरा जीवन भारत और भारतीयता के लिए समर्पित कर दिया। इन महापुरुषों के आदर्शों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण को अपने दायित्व से जोड़कर हम सभी एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सिद्ध करेंगे।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गोरखपीठ में आकर अनुभव हो रहा है कि यहां एक भारत श्रेष्ठ भारत ही नहीं बल्कि एक भारत सर्वश्रेष्ठ भारत का भाव है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में जय जवान, जय किसान के उदघोष में प्रधानमंत्री ने जय विज्ञान जोड़ा है और आने वाले समय में उसमें जय ज्ञान जोड़ा जाएगा क्योंकि देश पूरे विश्व को अपने ज्ञान से आलोकित कर रहा है।

उन्होंने नौ राज्यों में अपने कार्य के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सभी राज्यों में एक भारत श्रेष्ठ भारत का भाव देखा है। चंद्रयान.३ की सफलता ने भारत की श्रेष्ठता मानने को पूरे विश्व को विवश कर दिया है। जी.२० में पूरा विश्व भारत की सांसेंतिक विरासत और क्षमता का दर्शन किया है। ५०० वर्ष पहले गोस्वामी तुलसीदास जी ने विकसित भारत के स्वरूप को अपने कुछ चौपाइयों में परिभाषित किया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री ने संकल्प से सिद्ध का नारा देकर देशवासियों को अपने देश को श्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित कराया है जो प्रगतिशील देश में विकसित होने का भाव ही आज नए भारत की संकल्पना को पूरा कर रहा है।

विशिष्ट वक्ता उच्च शिक्षा आयोग प्रयागराज के अध्यक्ष प्रो ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने कहा कि यह सभागार चेतना का सभागार है। यहां जो धूनी जलती है वह निरंतर राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत करती है। उन्होंने कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी चेतना को विश्व पटल पर ला रहे हैं। यह भारत भूमि ऐसी भूमि है जहां देवता भी आने के लिए लालायित रहते हैं। आज एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना कैसे सिद्ध होगी इस पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विचार किया और देश के करोड़ों जनमानस को इसके लिए आह्वान किया तथा जम्मू कश्मीर की हो, तमिलनाडु की हो, मेघालय की हो या पांडिचेरी की हो सबको आवश्यकता के अनुसार बजट दिया और विकास के लिए उचित निर्देशन भी किया।

उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ अपने पूरे जीवन में भारत को श्रेष्ठ बनाने की संकल्पना के साथ संघर्ष करते रहे। उन्हीं के पदचिन्हों पर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ भी समाज का नेतृत्व करते रहे।

अयोध्याा ॅ अशर्फी भवन से आये जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीध राचार्य ने कहा कि भारत केवल भूमि नहीं है अपितु भारत माता हमारी दैवीय शक्ति है। यहां रहने वाले विविधता में भी एकता की भावना रखते हैं। हमें भारत के गौरव के लिए व भारत की एकता के लिए सदैव मिलकर काम करना चाहिए । यह समन्वय यदि पूरे भारत में हो जाय तो यह देश निश्चित ही श्रेष्ठ बनकर रहेगा।


उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस तरह प्रदेश का समन्वय के साथ विकास कर रहे हैं उससे पूरा देश आज प्रभावित है। बड़ोदरा से पधारे महंत गंगादास ने कहा कि आजाद भारत में हमारे राजनेता समाज को जातियों और संप्रदायों में बांटकर देश को कमजोर करते रहे। पिछले कुछ वर्षों में देश के प्रधानमंत्री के प्रयास से देश में एकता की भावना लाकर देश को श्रेष्ठता प्रदान किया जा रहा है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो उदय प्रताप सिंह ने स्वागत एवं प्रस्ताविकी में कहा कि हमारा राष्ट्र पांच तत्वों से बना हुआ है जिसमें सामाजिक समरसता व विश्व बंधुत्व की भावना है जो भारत को श्रेष्ठ बनाती है। उन्होंने कहा कि भारत में विभिन्नता है फिर भी भारत एक है इसीलिए भारत श्रेष्ठ है और भारत विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।

संगोष्ठी में महाराणा प्रताप इंटर क लेज के हिंदी के प्रवक्ता तथा योगवाणी के संपादक ड फूलचंद प्रसाद गुप्त की पुस्तक .भोजपुरी सतसइ. का विमोचन अतिथिगण द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महंत सुरेश दास, ब्रह्माचारीदास लाल ,महंत शिवनाथ, राम मिलन दास, महंत धर्मदास ,महंत संतोष दास, महंत मिथलेशनाथ ,महंत रवींद्रदास, योगी रामनाथ , भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद ड रमापति राम त्रिपाठी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ड ध र्मेंद्र सिंह, सांसद विजय दुबे एवं विध ायक विपिन सिंह , कामेश्वर सिंह सहित बडी संख्या में श्रध्दालू गण से उपस्थित रहे।

## माधव राव सिंधिया की 22वी पुण्यतिथि पर होगा भजन संध या का आयोजन, ज्योतिरादित्य सपरिवार रहेंगे उपस्थित



ग्वालियर (एजेन्सी)। कैलाश वासी माधव राव सिंधिया की २२ वी पुण्यतिथि पर ३० सितंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सुबह ८ बजे अम्मा महाराज की छत्रि पर एक सभा आयोजित की गयी है। आपको बता दें कि पूरे मंत्री माधव राव सिंधिया का दुःखद निधन एक प्लेन क्रैश में ३० सितम्बर २००१ को हुआ था। रमेश अग्रवाल ने बताया कि शाम ४ बजे नदी गेट स्थिति माधव महाराज की मूर्ति से माधव ज्योति यात्रा निकलेगी । रथ पर माधव ज्योति स्थापित कर यात्रा इन्दर गंज, रोशनी घर होते हुए अम्मा महाराज की छत्रि पर पहुंचेगी । यात्रा में चार रथ रहेंगे जिनमे माधव महाराज के चित्र रहेंगे। ५० छात्राओं का घोष बैंड भी यात्रा में चलेगा। कैलाश वासी माधव राव सिंधिया के करीबी रहे बाल खाण्डे ने बताया कि ३० सितम्बर को माधव महाराज के प्रशंसकों द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम किए जा रहे है। नवीन पराडे महाराज बाड़ा पर गरीबों को भोजन वितरण करेंगे ।

## पंजाब विवाद के बीच केजरीवाल ने इंडिया अलायंस के प्रति आप की प्रतिबद्धता दोहराई

नयी दिल्ली (एजेन्सी)। पंजाब में उनकी पार्टी और कांग्रेस के बीच चल रहे विवाद के बावजूद, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विपक्षी गुट इंडिया के प्रति आप की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। ड्रग संबंधी आरोप में विधायक सुखपाल खैरा की गिरफ्तारी पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए, अरविंद केजरीवाल ने यह कहकर एक बार फिर तनाव कम करने का प्रयास किया। आप इंडिया के प्रति ढ़ता से समर्पित है, और हम इंडिया गठबंधन से अलग नहीं होंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी



पार्टी नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ अपनी लड़ाई में ढ़ बनी हुई है। मुझे पंजाब पुलिस द्वारा कल एक कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के बारे में सूचित किया गया है। हालांकि मेरे पास विशिष्ट विवरण नहीं हैं, आप उन्हें पुलिस से प्राप्त कर सकते हैं। नशीली दवाओं की लत को खत्म करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता ढ़ है। मैं व्यक्तिगत मामलों पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन हमारा लक्ष्य इस खतरे से निपटना है।

# सम्पादकीय.........

## संगठनों की संलिप्तता उजागर

पिछले कुछ समय में देश में हेट स्पीच की बाढ़ आई हुई हैं दिन गुजरने के साथ इनमें वृद्धि ही दर्ज हो रही हैं इसके कारण समाज में परस्पर नफरत और हिंसा का माहौल है पिछले कुछ समय में देश में हेट स्पीच की बाढ़ आई हुई हैं दिन गुजरने के साथ इनमें वृद्धि ही दर्ज हो रही हैं इसके कारण समाज में परस्पर नफरत और हिंसा का माहौल हैं 2014 में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार पर आरुढ़ होने के बाद से हेट स्पीच उफान पर हैं वैसे भी यह हमेशा से साफ था कि कडुवे बोलों के लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा में पगे लाखों कार्यकर्ता, उसकी राजनैतिक विंग भाजपा के समर्थक तथा अन्य अनुषांगिक संगठनों के लोग जिम्मेदार हैं शहिन्दुत्व वॉचश ने इस वर्ष की पहली छमाही की जो रिपोर्ट ध्काशित की है, उससे इसकी पुष्टि होती हैं हिन्दुत्व वॉच ने अनेक जहर बुझे भाषणों व व०व्यों का अध्ययन कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है, जिसका सारांश ही सारी कहानी को बयां कर देता हैं उसके अनुसार, 2023 के ध्थम छह महीनों में ऐसे 255 दस्तावेजी व०व्य या घटनाएं हुई हैं जिनके निशाने पर मुस्लिम थें इनमें से 205 )80 फीसदी= घटनाएं भाजपा ध्शासित राज्यों में हुई हैं महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यध्देश, राजस्थान और गुजरात में सर्वाधिक वाकये हुएं अकेले महाराष्ट्र में ये 29 ध्तिशत रहें जिन 8 राज्यों में इस तरह की घटनाएं सर्वाधिक हुईं उनमें से 7 में भाजपा की सरकारें हैं करीब 52 ध्तिशत मामले भाजपा वाले राज्यों व केन्द्र ध्शासित राज्यों )यूटी= में हुए और इनके लिये आरएसएस के साथ उसके परिवार के विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सकल हिन्दू समाज और भाजपा की इनमें संलिप्तता हैं कुल 17 राज्यों व 2 यूटी, जिन पर भाजपा की केन्द्र सरकार के जरिये हुकूमत चलती है, ऐसे व०व्यों व द्वत्यों के लिये वही जिम्मेदार पाई गई हैं लगभग 64 फीसदी हेट स्पीच मुस्लिम विरोधी बहुध्चारित अवधारणाओं के ध्भावित पाई गईं इनमें से 33 ध्तिशत में मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा करने का आ÷वान किया गया तो 11 फीसद में मुस्लिमों के बहिष्कार की और 4 ध्तिशत में मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की अपील की गईं 12 फीसद भाषणों में हथियारबंद होने की बात कही गई हैं इन नफरती व हिंसक बयानों का सम्बन्ध सीधे–सीधे चुनावों से भी जुड़ता नजर आता हैं 33 फीसद ऐसे व०व्य उन राज्यों में दिये गये जहां 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं तो वहीं 36 ध्तिशत उनमें हुए जहां 2024 में राज्य के चुनाव होंगें इस तरह देखें तो यह रिपोर्ट आंखें खोल देने वाली हैं यह शीशे की तरह एकदम से साफ है कि पिछले कुछ समय से इस तरह के हेट स्पीच से समाज को रोजाना दो–चार होना पड़ रहा हैं निचले स्तर की बात छोड़ दें तो पाया यह गया है कि चिं स्तर पर बैठे लोग इस ध्वृनि को आगे बढ़ा रहे हैं भाजपा से जुड़े लोग संसद हो या चुनावी मंच, धार्मिक समारोह हों या समाचार चौनलों पर होने वाली डिबेट, वे नफरती बयान देने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देतें पिछले साल के जून में भाजपा की ध्व०ा नुपूर शर्मा ने मोहम्मद पैगम्बर के खिलाफ विवादास्पद बयान दिया था जिसके कारण अनेक अरब देशों में तक उनके खिलाफ रोष फैल गया थां पार्टी ने उन्हें निकाल दिया थां पश्चिम दिल्ली के सांसद ध्वेश वर्मा द्वारा मुस्लिम दुकानदारों से सामान न खरीदने की अपील से भी लोगों में नाराजगी फैली थीं केन्द्रीय मंत्री और हिमाचल ध्देश की हमीरपुर लोकसभा सीट के सांसद अनुराग ठाकुर ने रिठाली में एक भाषण में श्देश के गद्दारों को, गोली मारो ...कोश कहकर नफरती माहौल पैदा किया थां निर्वाचन आयोग ने उन पर 72 घंटे का ध्तिबन्ध लगाया था और भाजपा ने दिखावे के लिये उन्हें स्टार ध्चारकों की सूची से निकाल दिया थां अलबत्ता, दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें व ध्वेश वर्मा के खिलाफ हेट स्पीच के मामले यह कहकर खारिज कर दिये थे कि चूंकि यह बात मुस्कुरा कर कही गई थी इसलिये कोई अपराध नहीं बनतां 20 करोड़ मुस्लिमों की हत्या करने की बातें साफ तौर पर और धर्म संसद के खुले मंचों से की गई थीं वैसे तो पिछले कुछ वर्षों के ऐसे अनेक उदाहरण हैं लेकिन इनका समग्र असर कितना भयावह है, उसके लिये बहुत हाल की कुछ घटनाओं पर ही दृष्टिपात कर लेना काफी होगां ऐसे भाषणों का परिणाम मणिपुर में देखा जा रहा है जो पिछले छह महीनों से साम्प्रदायिक हिंसा में लगातार जल रहा हैं हिन्दू आदिवासी मैतेई और ईसाई आदिवासी कुकी लोगों के हिंसक टकराव से सैकड़ों लोग मारे गये हैं, लाखों बेघर हुए हैं और कई शिविरों में रह रहे हैं लगभग पूरा राज्य अशांत घोषित कर दिया गया हैं नूंह में हुए हिन्दू–मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगों की आग अब भी पूरी तरह से बुझी नहीं हैं कुछ अरसा पहले जयपुर–मुंबई एक्सध्ेस में रेलवे पुलिस के एक जवान द्वारा तीन मुस्लिम यात्रियों की सर्विस राइफल से हत्या भी हेट स्पीच का ही परिणाम हैं ताजा मामला संसद का हैं नये भवन में हो रहे विशेष सत्र के अंतिम दिन )21 सितम्बर= की शाम को चन्द्रयान की सफलता पर हो रही चर्चा के दौरान दक्षिण दिल्ली के भाजपायी सांसद रमेश बिधूड़ी उस व० अपना आपा खो बैठे जब भारत में अंतरिक्ष विज्ञान की ध्गति का श्रेय ध्थम ध्धानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया जाने लगां नाराज बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी को कई धर्मसूचक गालियों से नवाज दियां उन्हें पार्टी ने कारण बताओ नोटिस तो थमाया है पर राजस्थान विधानसभा के चुनावों के लिये महत्वपूर्ण टोंक सीट का ध्भारी भी बना दिया है जो बताता है कि भाजपा का हेट स्पीच के मामलों में पूरा समर्थन हैं

# नियम, संयम, स्वच्छता, सदाचार, सक्रियता एवं संस्कार आने वाली पीढ़ियों में भरना हमारा कर्त्तव्य : राज्यपाल

लखनऊ(संवाददाता)। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सभागार में आंगनवाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कानपुर देहात के १०० एवं कानपुर नगर के ६० आंगनवाडी केन्द्रों को सुविधा संपन्न बनाने हेतु आवश्यक वस्तुओं का किट वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं द्वारा सार्वजनिक जीवन में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ किया जाता है। आंगनवाडी कार्यकत्रियों की भूमिका को इसी सन्दर्भ में देखा जाना चाहिए। पूरे देश में विश्वविद्यालय एवं आंगनवाडी केन्द्रों को जोड़ने की मुहिम की शुरुआत की गयी थी, जिससे आंगनवाड़ी केंद्र अपनी भूमिकाओं को और प्रभावशाली बना सकें।



इस पहल में हम सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। बढ़ती तकनीकी ने हमें इस बात का ज्ञान करा दिया है कि बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास के लिए किन उपयोगी चीजों की आवश्यकता होती है। अपने जर्मनी भ्रमण के दृष्टान्त को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार वहां पर जन्म से लेकर पालन पोषण तक बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं को परखने के पश्चात् उनकी देखभाल की जाती है। आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों को बच्चों की सुविधानुसार बनाया जाना चाहिए। आंगनवाड़ी केन्द्रों को अधिक से अधिक सुविधा युक्त बनाने हेतु सीएसआर फण्ड का प्रयोग किया जाना चाहिए। बच्चों की प्रतिभा को निखारने हेतु जो भी कार्यक्रम आयोजित हों उनका संचालन बच्चों के द्वारा कराया जाना चाहिए, जिससे उनके अंदर की प्रतिभा निखर कर सामने आ सके। उन्होंने वरिष्ठिजनों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों को बाल्यकाल से ही मूलभूत संस्कारों के रूप में स्वच्छता, पेयजल संरक्षण, समय का मूल्य और आत्मनिर्भरता के विकास हेतु प्रेरित करने को कहा। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की सक्रियता बच्चों को भी सक्रिय बनाएंगी। राज्यपाल ने कहा कि माँ का दूध औषधि युक्त व् अमृत तुल्य है, इसलिए मातायें नवजात शिशु को प्रथम घंटे में स्तनपान अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि बच्चे शुद्ध भाषा का प्रयोग करें इस हेतु आंगनवाडी कार्यकत्रियों को वर्ष में एक बार १० दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन भी किया जाना चाहिए। बच्चों में सीखने का जज्बा होना चाहिए, अगर व्यक्ति के अन्दर जज्बा है तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों का भविष्य आपके हाथ में है और आपकी जिम्मेदारी है कि अपनी इस भूमिका का आप तत्परता के साथ निर्वहन करें।इस अवसर पर राज्यमंत्री, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, प्रतिभा शुक्ला द्वारा अपने संबोधन में आंगनवाड़ी केन्द्रों को प्री नर्सरी के रूप में विकसित किये जाने, सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषण वाटिका की स्थापना करने व सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर आंगनवाडी कार्यकत्रियों को राज्यपाल द्वारा किट वितरण व ५ हजार रुपये के चेक का वितरण किया गया। इस दौरान राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा किये गए एक सर्वेक्षण पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया, जो कि वितरित की जाने वाली किट से बच्चों के व्यवहार व् कुशलता में आने वाले बदलाव को प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम उपरान्त समस्त आंगनवाडी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समारोह में स्थानीय अतिथि, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं शिक्षकगण तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# इस्कॉन ने बीजेपी सांसद मेनका गांधी को भेजा 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी की इस्क न को लेकर की गई टिप्पणी ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। इसको लेकर इंटरनेशनल सोसाइटी फ र ेष्णा क न्शियसनेस (इस्क न) ने मेनका गांधी को १०० करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस थमाया है। मेनका ने इस्क न को लेकर कहा था कि वह कसाइयों को गौशालाओं से गाय बेचते हैं। एक्स पर एक पोस्ट में कोलकाता से इस्क न उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा, आज हमने इस्क न के खिलाफ पूरी तरह से निराधार आरोप लगाने के लिए श्रीमती मेनका गांधी को १०० करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा, "इस्क न के भक्तों, समर्थकों और शुभचिंतकों का विश्वव्यापी समुदाय इन अपमानजनक, निंदनीय और दुर्भावनापूर्ण आरोपों से बहुत दुखी है। हम इस्क न के खिलाफ भ्रामक प्रचार के खिलाफ न्याय की खोज में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद के खिलाफ कानूनी मानहानि नोटिस २७ सितंबर को उनके एक वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ दिनों बाद आया है। दास ने २७ सितंबर को उसी दिन एक ट्वीट में कहा था, श्अगर वह अपने गलत बयानों के लिए माफी नहीं मांगती हैं तो हम उन पर मुकदमा करेंगे। वायरल वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, श्इस्क न देश में सबसे बड़ा धोखेबाज है। यह गौशालाओं का रखरखाव करता है और विशाल भूमि सहित सरकार से लाभ प्राप्त करता है। उन्होंने आंध्र प्रदेश में इस्क न की अनंतपुर गौशाला की अपनी यात्रा को भी याद किया, जहां उन्होंने दावा किया था कि उन्हें ऐसी कोई गाय नहीं मिली जो दूध न देती हो या बछड़े न देती हो। वीडियो में उन्होंने कहा, श्पूरी डेयरी में दूध न देने वाली गाय नहीं थी। वहां एक भी बछड़ा नहीं था। इसका मतलब है कि सभी बेच दिए गए।उन्होंने कहा था, इस्क न अपनी सारी गायें कसाइयों को बेच रहा है। वे जितना करते हैं उतना कोई नहीं करता, और वे सड़कों पर श्हरे राम हरे कृष्णश गाते हैं। फिर वे कहते हैं कि उनका पूरा जीवन दूध पर निर्भर है। श्किसी ने भी इतने मवेशी कसाइयों को नहीं बेचे हैं, जितने उन्होंने बेचे हैं।



हालांकि, उनके आरोपों को इस्क न ने खारिज कर दिया था। इस्क न ने एक बयान में कहा कि मेनका गांधी का एक वीडियो हमारे संज्ञान में आया है जिसमें इस्क न और उसके गाय देखभाल मानकों के बारे में अप्रमाणित और गलत जानकारी प्रस्तुत की गई है। इस्क न की तरफ से कहा गया, "इस्क न ने दुनिया के कई हिस्सों में गाय संरक्षण का बीड़ा उठाया है जहां गोमांस एक मुख्य आहार है। भारत के भीतर, इस्क न ६० से अधिक गौशालाएं चलाता है जो सैकड़ों पवित्र गायों और बैलों की रक्षा करती हैं और उनके पूरे जीवनकाल के लिए व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करती हैं। इसमें कहा गया है कि वर्तमान में इस्क न की गौशालाओं में गायों को लावारिस, घायल पाए जाने या वध से बचाए जाने काबाद लाया जाता है।

# देश बनाओ देश बचाओ समाजवादी साइकिल यात्रा का जसवल चौराहे पर स्वागत हुआ



गोरखपुर। देश बनाओ देश बचाओ समाजवादी साइकिल यात्रा सहजनवां से प्रारम्भ होकर नहर चौराहा, भुजौली, चड़राव, सिसईघाट होते हुए विधानसभा क्षेत्र कैम्पियरगंज द्वारा जसवल चौराहे पर स्वागत हुआ । तत्पश्चात पीपीगंज,भगवानपुर, सरहरी होते हुए विधान सभा पिपराइच द्वारा महराजगंज चौराहे पर स्वागत उपरांत मलंग स्थान डुमरी नम्बर (१) खपड़हवा चौराहा, मंदिर बाजार, रामनगर चौराहा होते हुए भटहट में रात्रि विश्राम करेंगे साईकिल यात्री। साइकिल यात्रा का नेतृत्व कर रहे लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों की दुर्दशा, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, छात्रों की फीस वृद्धि, दलितों,पिछड़ों,अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार और महिला सुरक्षा जैसे जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा समाजवादियों का संघर्ष। जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने कहा कि इस डबल इंजन की सरकार में लोग महंगाई, बेरोजगारी से बहुत परेशान है स्वास्थ व्यवस्था खराब हो गई है आवारा पशु किसानों की फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही है लगातार बिजली कटौती और बिजली के दामों वृद्धि से जनता परेशान है सडकों की हालत बहुत ही खराब है इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम रामनाथ यादव अवधेश यादव विजय बहादुर यादव यशपाल रावत अमरेन्द्र निषाद, साधु यादव अनारकली मौर्या अखिलेश यादव संजय पहलवान मनुरोजन यादव नीरज शाही देवेंद्र भूषण निषाद राजेंद्र यादव सुरेंद्र निषाद मनीष कमांडो, सुरेन्द्र मौर्या, संजय यादव, मनमोहन यादव रामजीत यादव राहुल यादव कपिलमुनि यादव गिरिश यादव आनंद राय गवीश दुबे बाबूराम यादव रघुवर यादव बेचू लाल साहनी शिव कुमार दुबे धनंजय सिंह राजेश्वर मिश्रा कुश कुमार सिंह शुभेंदु यादव मदन यादव भुअर यादव आनंद सिंह मनोज निषाद अनिल यादव श्री राम यादव आदि मौजूद रहे कल २४ सितंबर को भटहट से निकलकर साइकिल यात्रा गोरखपुर शहर विध् ाानसभा, गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा होते हुए चौरी चौरा विधानसभा के झगहा पहुँच कर रात्रि विश्राम करेगी।

# सरकार के माध्यम से जन कल्याण व समाज में परिवर्तन भाजपा का संकल्प – सहजानंद राय

गोरखपुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद और अंत्योदय जैसे महान विचार के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय (रानीडीहा) पर सोमवार को मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने दीनदयाल जी के व्यक्तित्व और ृतित्व को प्रेरणादाई बताया। कार्यक्रम के शुभारंभ में क्षेत्रीय अध्यक्ष समेत सभी भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने भारतीय जनसंघ की स्थापना से लेकर आज की भाजपा के उत्थान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को बताया। कहा कि मुगलों और अंग्रेजी शासन में भारत की सभ्यता, संस्ंति और धरोहर को मिटाने का कार्य हुआ। आजादी के बाद बनी सरकार की नीतियों के कारण यह संकट यथावत रही। ऐसी परिस्थिति से चिंतित होकर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर ही चलकर आज केंद्र की प्रध् ाानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े गरीबों के सर्वांगीण विकास में लगी हुई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा एक विचारध् ाारा पर चलने वाली कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा का संकल्प सरकार के माध्यम से जनकल्याण के साथ समाज में परिवर्तन लाने का भी है। कार्यक्रम को महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा सत्येंद्र सिन्हा, क्षेत्रीय मंत्री जनार्दन तिवारी, निरंकार त्रिपाठी आदि ने संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार को और मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। संचालन खोराबार मंडल के महामंत्री आदित्य गुप्ता ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी ड बच्चा पांडेय नवीन, मीडिया संपर्क विभाग के क्षेत्रीय संयोजक सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय, सह संयोजक राहुल तिवारी,होसिला सिंह, मधुसूदन पांडेय, राजा त्रिपाठी, सोमेश्वर पांडेय, राहुल त्रिपाठी, समीर श्रीवास्तव, महानगर मंत्री किसान मोर्चा सत्यजीत सिंह, निलेश पांडेय,क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी पंकज जयसवाल, महानगर मंत्री अजय श्रीवास्तव, रिक्की चंद कौशिक, राजा यादव, सुनीता पासवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरकार के माध्यम से जन कल्याण व समाज में परिवर्तन भाजपा का संकल्प रू सहजानंद राय भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



# गोरखपुर ईद मिलादुन्नब का जुलूस अमन व सादगी के माहौल में हुआ मुकम्मल

गोरखपुर। इस्लामी माह रबीउल अव्वल शरीफ की १२ तारीखद्द पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश का दिन है। जिसे पूरी दुनिया ईद मिलादुन्नबी त्योहार के रूप में मनाती है। गुरुवार २८ सितंबर को यह त्योहार अकीदत, एहतराम व सादगी के साथ प्रशासन के गाइडलाइन के मुताबिक सुबह ६ः ०० से १२:०० बजे तक मोहल्ला चक्सा हुसैन, अहमदनगर नूरी जामा मस्जिद, साहिबा बाद,जमुनिया बाग, हुसैनाबाद , मिर्जापुर पचपेड़वा, मदरसा अल्फिया,सहित दरजनो मोहल्ले के जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ रात १०:०० बजे से दूसरे राउंड का जुलुस मोहम्मदी निकाला जाता है। जुलूस के खैर मकदम के लिए जगह–जगह मंच लगाकर हौसला अफजाई के लिए माला पहनकर सम्मानित किया जाता है द्य जुलूस में इस्लामी परचम (झंडा) व बैनर के जरिए दीन–ए–इस्लाम का पैगाम आम किया गया। जुलूस में पैगंबरे इस्लाम के जीवन, कुरआन और हदीस से जुड़ी तख्तियां, बैनर व मस्जिदों के म डल आकर्षण का केंद्र रहते हैं। दरूदो सलाम और नारा–ए–तकब्बीर व नारा–ए–रिसालत की सदाएं बुलंद हुई।



# श्रद्धालुओं ने राधा अष्टमी के मौके पर पूजा पाठ एवं भोजन और प्रसाद का आनंद लिया

गोरखपुर। असुरन चौक गीता वाटिका मंदिर में राधा अष्टमी का कार्यक्रम आयोजित किया गया वहां के संस्थापकों ने भोजन प्रसाद एवं विश्राम की व्यवस्था की हुई थी और वहां श्रद्धालुओं ने जमकर अपनी इस राधा अष्टमी के मौके पर पूजा पाठ एवं भोजन और प्रसाद का आनंद लिया

# गोरखपुर स्थित माया बाजार दक्षिणी गेट पर गणेश पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया

गोरखपुर। स्थित माया बाजार दक्षिणी गेट पर गणेश पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की अच्छी तरह भीड़ थी और साथ ही साथ डांडिया का भी कार्यक्रम बहुत ही शानदार तरीके से किया गया और जागरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया हैऔर साथ ही साथ डांडिया का भी कार्यक्रम बहुत ही शानदार तरीके से किया गया और जागरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित की गई गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति

गोरखपुर। ५४ वे राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के अवसर पर गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन जी को बीबीडी विश्वविद्यालय लखनऊ के स्वयंसेवीयो एवं युवा साहित्यकारों द्वारा युवा कवि एवं साहित्यकार मिन्नत गोरखपुर के नेतृत्व में स्मृति चिन्ह भेंट करके एवं दुशाला ओढ़ करके सम्मानित किया गया। स्वयंसेवीयो को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं अगर वह पढ़ाई के साथ–साथ समाजसेवा भी कर रहे हैं और सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं तो यकीनन इसकी सराहना की जानी चाहिए। क्योंकि युवा ही देश का भविष्य है। आशिया खातून ने अपना कीमती समय देने के लिए सभी एनएसएस वालंटियर की तरफ से कुलपति महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर आशिया खातून,दिव्या मालवीय,अरमान अंसारी,नितेश यादव,आयुष श्रीवास्तव,आदर्श गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नेपाल में मनाया गया ४४ वा अंतराष्ट्रीय पर्यटन दिवस

सोनौली – विश्व पर्यटन दिवस पर जिले से सटे भारत नेपाल ब र्डर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होटल व्यवसायिक संघ एवं पर्यटन व्यवसायिक संघ तथा सोसाइटी अ फ टूर एंड ट्रेवल संगठन की सहभागिता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए लुंबिनी प्रदेश सरकार के गृह मंत्री संतोष पाण्डेय ने बताया भारतीय पर्यटक नेपाल में पहले पच्चीस हजार रुपए नेपाली तक ही लेकर आ सकते थे और यूरोप अमेरिका के लोग ५ हजार ड लर तक लेकर आ सकते थे। जिस पर हम लोगों ने प्रदेश सरकार से निर्णय लेने के बाद केंद्र सरकार के अर्थ मंत्री से समन्वय स्थापित करते हुए भारतीय पर्यटको को ४ लाख ५० हजार रुपए तक नेपाल में लेकर आने की अनुमति दी गई है।जिससे पर्यटक घूमने फिरने के साथ साथ सामानों की खरीदारी कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने नेपाल में १०० रुपए से अधिक की सामग्री लाने की बात पर कहा कि भारत और नेपाल का रोटी बेटी का संबंध् ा है।यह नियम सिर्फ अवैध रूप से नेपाल में कारोबार करने व तस्करी पर रोकथाम के लिए लागू किया गया है। लेकिन जो आम नागरिक और पर्यटक हैं, उन पर सहजता का वातावरण रहेगा। भारत नेपाल ब र्डर के समीप बेलहिया से नो मैंस लैंड तक एक विशेष जागरूकता रैली भी निकल गई।जिसमें अमेरिकी टूरिस्ट सेन इनिस्ट को रथ पर बैठा कर सम्मान के साथ तमाम नेपाली अधिकारी समेत राजनितिक पदाधिकारीयों ने रैली में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लुंबिनी प्रदेश सरकार के गृह मंत्री संतोष पाण्डेय, जिलाधिकारी सीडीओ गणेश अड़ियाल, सुपरिंटेंडेंट अ फ पुलिस भारत बहादुर बी.के, सिद्धार्थ नगर – नगर पालिका के मेयर इश्तियाक अहमद खान, उप मेयर उमा अधिकारी, रूपंदेही संजाल के अध्यक्ष अनिल गेवाली, नेपाल भारत मैत्री संघ के वरिष्ठ सदस्य मनोज त्रिपाठी, नेपाल भारत मैत्री संघ के सचिव नलीन शर्मा, सिद्धार्थ होटल एसोसिएशन उपाध्यक्ष किशोर जोशी सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# At least 34 killed, over 130 injured after blast in Pakistans Balochistan

The bombing occurred in Mastung, a district in Baluchistan province, said government administrator Atta Ullah. At least 34 people were killed and over 130 injured in a suicide blast near a mosque in Pakistan's restive Balochistan province on Friday when people were gathering for a rally to celebrate the birthday of Prophet Muhammad, according to media reports. The explosion occurred near Madina Mosque in the Mastung district, Geo News reported. Mastung's Deputy Superintendent of Police (DSP) Nawaz Gashkori, who was on duty for the rally, was among the deceased. The explosion took place when people were gathering to mark Eid Miladun Nabi, the birth anniversary of Prophet Muhammad. City Station House Officer (SHO) Mohammad Javed Lehri said the explosion was a "suicide blast" and that the bomber exploded himself next to DSP;s car. Lehri said that the wounded are being shifted to a medical facility while an emergency has been imposed in the hospitals. At least 34 people were killed and over 130 injured in the blast, the Dawn newspaper quoted Dr Saeed Mirwani, chief executive officer of Shaheed Nawab Ghous Bakhsh Raisani Memorial Hospital, as saying. Some of the injured were in critical condition.Balochistan interim Information Minister Jan Achakzai said rescue teams have been dispatched to Mastung. He added the critically injured persons are being transferred to Quetta and that an emergency has been imposed in all the hospitals. "The enemy wants to destroy religious tolerance and peace in Balochistan with foreign blessings," Achakzai said. "The explosion is unbearable." He further said caretaker Chief Minister Ali Mardan Domki has directed authorities to arrest those responsible for the blast. Meanwhile, interim Interior Minister Sarfraz Ahmed Bugti strongly condemned the blast.



# Parineeti Chopra glows in pink in first pic from her haldi ceremony with Raghav Chadha

Parineeti Chopra and Raghav Chadha had a fun time at their haldi ceremony The first pictures and video, although not official, from Parineeti Chopra and Raghav Chadha 's haldi ceremony are out. The actor and the politician got married on Sunday in an intimate ceremony in Udaipur. A picture and a video shared on Parineeti;s fanpage on Friday show her during her haldi ceremony with Raghav. She is seen in a bright pink dress with a white head band and golden chandelier earrings. Raghav is in a white kurta pyjama that has been covered in haldi. They are sitting under a canopy of flowers, surrounded by their friends and family. A video also shows Parineeti giving flying kisses to a friend. While Parineeti and Raghav got married on Sunday, they shared their official wedding pictures on Monday. Parineeti wrote with her post, "From the very first chat at the breakfast table, our hearts knew. Been waiting for this day for a long time... So blessed to finally be Mr and Mrs! Couldn't have lived without each other... Our forever begins now." The two took to their respective Instagram Stories to post a letter of gratitude after receiving love on their wedding pictures. The letter read, "Parineeti and I wanted to take a moment to say thank you from the bottom of our hearts. We are bursting with gratitude for the outpour of love and warm wishes. While we may not have had the chance to respond to each and every message personally (life;s been a whirlwind, as you can imagine),



# Delhi CM Arvind Kejriwal unveils winter action plan, seeks firecracker ban in NCR

